# अध्याय - 6 | तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप

## QUIZ-01

1. **निम्न में से कौन-सी तृतीयक क्रिया नहीं है?**
   A. खुदरा व्यापार
   B. शिक्षा
   C. लोहा गलाना
   D. चिकित्सा सेवा (C)

*व्याख्या :* लोहा गलाना एक द्वितीयक क्रिया है जिसमें निर्माण कार्य होता है। तृतीयक क्रियाएँ सेवा प्रदान करती हैं, जैसे – शिक्षा, चिकित्सा आदि।

2. **कौन-से बाजार ग्रामीण क्षेत्रों को बुनियादी सेवाएँ प्रदान करते हैं?**
   A. शहरी विपणन केंद्र  B. चेन स्टोर
   C. ग्रामीण विपणन केंद्र  D. डिजिटल मंच (C)

*व्याख्या :* ग्रामीण विपणन केंद्र आसपास की बस्तियों को आवश्यक वस्तुएं व सेवाएं प्रदान करते हैं। यहाँ मंडियाँ व आवधिक बाजार भी होते हैं।

3. **शब्दों और विचारों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया क्या कहलाती है?**
   A. खुदरा  B. संचार
   C. पर्यटन  D. परिवहन (B)

*व्याख्या :* संचार में संदेशों व विचारों का आदान-प्रदान होता है। इसमें पोस्ट, टेलीफोन, सैटेलाइट व इंटरनेट जैसे आधुनिक माध्यमों का उपयोग किया जाता है।

4. **निम्न में से कौन-सी क्रिया सूचना एकत्र करने व वितरित करने से संबंधित है?**
   A. प्राथमिक  B. चतुर्थक
   C. द्वितीयक  D. तृतीयक (B)

*व्याख्या :* चतुर्थक क्रियाएँ ज्ञान आधारित होती हैं, जैसे – अनुसंधान, शिक्षा, डेटा विश्लेषण आदि, जिन्हें विशेष तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है।

5. **निम्न में से कौन-सी निम्न-स्तरीय सेवा (Low-order service) है?**
   A. सॉफ़्टवेयर विकास  B. चिकित्सा सलाह
   C. किराना दुकान  D. वित्तीय लेखा परीक्षा (C)

*व्याख्या :* किराना जैसी सेवाएँ सामान्य व रोज़मर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं और हर स्थान पर आसानी से उपलब्ध होती हैं।

6. **पंचमक (Quinary) क्रियाओं की मुख्य विशेषता क्या है?**
   A. शारीरिक श्रम  B. थोक व्यापार
   C. निर्णय-निर्माण व नवाचार  D. ग्रामीण व्यापार (B)

*व्याख्या :* पंचमक क्रियाओं में उच्च स्तरीय नीति निर्माण व निर्णय लेने वाले कार्य होते हैं, जैसे – CEO, वैज्ञानिक, वरिष्ठ सलाहकार आदि।

7. **आउटसोर्सिंग की मुख्य विशेषता क्या है?**
   A. परिवहन लागत में वृद्धि
   B. केवल स्थानीय श्रमिकों की भर्ती
   C. कार्य को बाहरी एजेंसी को देना
   D. नवाचार को सीमित करना (C)

*व्याख्या :* आउटसोर्सिंग में दक्षता व लागत बचत के लिए कार्य को बाहरी एजेंसी को सौंपा जाता है, जैसे – IT, कॉल सेंटर सेवाएँ आदि।

8. **निम्न में से कौन-सा नॉन-स्टोर खुदरा व्यापार का उदाहरण है?**
   A. विभागीय स्टोर  B. चेन स्टोर
   C. ठेले वाले  D. ऑनलाइन खरीदारी (D)

*व्याख्या :* ऑनलाइन शॉपिंग एक गैर-स्टोर खुदरा व्यापार है जिसमें उपभोक्ता इंटरनेट द्वारा वस्तुएं खरीदते हैं, बिना किसी स्थायी दुकान के।

9. **निम्न में से कौन-सा देश चिकित्सा पर्यटन में अग्रणी है?**
   A. अफ्रीका
   B. भारत
   C. ब्राजील
   D. रूस (B)

*व्याख्या :* भारत सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं के कारण विश्व में चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन चुका है।

10. **'डिजिटल डिवाइड' शब्द का अर्थ क्या है?**
   A. परिवहन सेवाओं में अंतर
   B. कृषि उत्पादन में अंतर
   C. सूचना व संचार तकनीक तक असमान पहुँच
   D. व्यापार व सेवाओं के बीच अंतर (C)

*व्याख्या :* डिजिटल डिवाइड से आशय सूचना व संचार तकनीक (ICT) तक पहुँच में अंतर से है, जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच असमानता को दर्शाता है।

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES